आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 08.02.2026 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' में विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासित रहने की सीख दी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान की भूमि और आयुर्वेद का ऐतिहासिक और गहरा संबंध बताया।
- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत देश भर में कुल एक करोड़ 12 लाख आवास स्वीकृत ।
- स्कूल शिक्षा विभाग की जिला एकेडमिक रैंकिंग में जनवरी में झुंझुनूं और हनुमानगढ़ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में उन्होंने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं से परे देखने और जीवन कौशल, खेल, रचनात्मकता तथा आत्म–विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन की आवश्कता पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से विकसित भारत में योगदान देने की अपील की।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेशेल्स के लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। नई दिल्ली में सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक एरमीनी से मुलाकात के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स ने स्वास्थ्य, मौसम विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी तथा सुशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में 7 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, भारत के प्राचीन चिकित्सा ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के बीच एक जीवंत सेतु है। श्री शर्मा आज जयपुर में संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्थान के 50 वर्ष केवल एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि जन–स्वास्थ्य के प्रति अटूट सेवा और शोध की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान की भूमि का आयुर्वेद से ऐतिहासिक और गहरा नाता रहा है।

................

समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष पद्धतियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य ढांचे में मजबूती से एकीकृत किया गया है।

000

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत देश भर में कुल एक करोड़ 12 लाख आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने आज राज्यसभा में प्रश्नकाल में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 9 लाख से अधिक आवास आवंटित किए जा चुके हैं। उन्होंने सदन को सूचित किया कि इस योजना के दूसरे चरण के तहत शहरी प्रवासियों और औद्योगिक श्रमिकों के लिए किफायती दरों पर किराये के आवास की व्यवस्था शुरू की गई है।

000

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी जनवरी माह की जिला एकेडमिक रैंकिंग में झुंझुनूं और हनुमानगढ़ संयुक्त रूप से प्रदेश में पहले स्थान पर रहे हैं, जबकि चूरू ने तीसरा स्थान हासिल किया है। विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि यह रैंकिंग जिलों की प्रशासनिक दक्षता के साथ–साथ विशेष रूप से 'सीखने के परिणामों' यानी लर्निंग आउटकम्स पर आधारित है। इसमें

छात्रों की उपस्थिति, बोर्ड परीक्षा के नतीजों और अधिकारियों द्वारा किए गए फील्ड निरीक्षणों को मुख्य पैमाना बनाया गया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस रैंकिंग प्रणाली की सराहना करते हुए कहा है कि इससे स्कूल शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर विद्यार्थी की वास्तविक प्रगति सुनिश्चित करना और प्रदेश के सभी जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराना है।

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि "डिजिटल अरेस्ट" जैसे उभरते साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार और आमजन की जागरूकता सबसे जरूरी है। मुख्य सचिव आज साइबर अपराध नियंत्रण से संबंधित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला की तर्ज पर क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं में भी साइबर सेल स्थापित करने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बैंकों और दूरसंचार प्रदाताओं के साथ समन्वय बढ़ाकर संदिग्ध खातों की निगरानी और एआई आधारित तकनीकों के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया।

000

पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने कहा है कि पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री शर्मा आज भीलवाड़ा में अजमेर रेंज की अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का लगातार फॉलोअप करने और संगीन अपराधों में संवेदनशीलता के साथ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीजीपी ने पुलिसिंग में जवाबदेही, समयबद्ध निस्तारण और साइबर अपराधों पर लगाम लगाने पर विशेष जोर दिया। इससे पहले, उन्होंने पुलिस लाइन में आयोजित संपर्क सभा में जवानों के साथ सीधा संवाद किया। बैठक में एडीजी वी.के. सिंह और अजमेर आईजी राजेंद्र सिंह सहित रेंज के अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

000

जयपुर में आज से राज्य स्तरीय वन मेले का शुभारंभ हुआ। वन मंत्री संजय शर्मा ने दो दिन के इस मेले का उद्‌घाटन करते हुए विभिन्न स्टॉल्स पर प्रदर्शित वन उत्पादों और जड़ी–बूटियों का अवलोकन किया। वन मंत्री ने कहा कि वनों की सुरक्षा के लिए वहां रहने वाले ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ना जरूरी है।

000

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने आज डीग जिले के आदिबद्री धाम में वृहद पेयजल परियोजना का शिलान्यास किया। करीब 65 लाख रुपये की लागत वाली इस योजना के तहत अलीपुर में एक लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी और नलकूप का निर्माण किया जाएगा। श्री बेढ़म ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना को निर्धारित छह माह के स्थान पर ढाई महीने में ही पूरा किया जाए, ताकि गर्मियों में श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को शुद्ध पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'हर घर जल' के संकल्प के साथ जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

000

राज्य का वर्ष 2026–27 का बजट 11 फरवरी को विधानसभा में पेश किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी बजट को पेश करेंगी। आमजन को राज्य के बजट से काफी उम्मीद है। हनुमानगढ़ के शिक्षाविद रोहिताश चुघ ने कहा कि जनता को उम्मीद है कि बजट में जिले के बुनियादी ढांचे और कृषि विकास के लिए विशेष प्रावधान किए जाएंगे।

000

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण वितरण में कोटा जिला राजस्थान में पहले स्थान पर रहा है। जिले में अब तक 16 हजार से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को 35 करोड़ 16 लाख रुपये का ऋण वितरित कर लाभान्वित किया जा चुका है। योजना के प्रबंधक प्रदीप जोशी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक संबल देने के लिए विशेष ऋण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

000

बांसवाड़ा जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। सीएमएचओ डॉ. खुशपाल सिंह ने बताया कि शिविरों में गर्भवती महिलाओं की निशुल्क

जांच और उपचार के साथ 'मां वाउचर योजना' के तहत सोनोग्राफी कूपन वितरित किए गए। अभियान का उद्देश्य पोषण परामर्श और नियमित जांच के जरिए मातृ मृत्यु दर में कमी लाना है। इसी तरह पाली के सोजत में राजकीय चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया।

000